*This Question Paper contains 8 printed pages.*
*(विभाग - A, B, C & D)*

Sl.No. 006808

# 14 (H)

**(JULY 2022)**

समय : 3 घंटे] [अधिकतम अंक : 80

**सूचनाएँ :**

1) हस्तलेखन को स्पष्ट लिखिए।
2) इस प्रश्नपत्र में चार विभाग हैं A, B, C और D एवं कुल 1 से 55 प्रश्न हैं।
3) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं, आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।
4) दाहिनी ओर प्रश्न के अंक दिये गए हैं।
5) सूचना के अनुसार आकृतियाँ स्वच्छ, स्पष्ट और उचित प्रमाण में बनाएँ।
6) नया विभाग नये पन्ने पर लिखिए। प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दीजिए।

## विभाग – A
## (गद्य विभाग)

■ निम्नलिखित प्रश्नों के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए : [3]

1) बूढ़ी काकी की संपत्ति से कितनी वार्षिक आय प्राप्त होती थी?

(A) पाँच सौ (B) तीन सौ

(C) चार सौ (D) दो सौ

2) एक प्रश्नः चार उत्तर पाठ में लेखक के पहले मित्र कौन थे?

(A) वृद्धा स्त्री (B) वृद्ध ईसाई पादरी

(C) वृद्ध सरकारी कर्मचारी (D) समाज सेविका

3) पोम्पीनगर के खंडहरों में मिले नर–कंकाल की मुट्ठी में क्या था?

(A) सोना (B) पैसा

(C) हीरा (D) मोती

■ सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : [3]

4) कालिदास को राजकवि का सम्मान ................ ग्रंथ के कारण मिला था।

(ऋतुसंहार/मेघदूत)

5) सुधामूर्ति पाठ में .............. भेदभाव की बात की गई है।

(स्त्री–पुरूष/जाति–धर्म)

6) 'चोरी' पाठ के लेखक ................. हैं।

(यशपाल जैन/रघुवीर चौधरी)

■ निम्नलिखित वाक्यों में से सही विकल्प चुनकर वाक्य पूर्ण कीजिए : [3]

7) दुनिया में सबसे ज्यादा बुद्धिमान वही है जो ..............

(A) सबसे ज्यादा धनवान है।

(B) सबसे ज्यादा सुंदर है।

(C) सबसे ज्यादा खुश है।

8) पंडित शादीराम लाला सदानंद के स्वस्थ जीवन के लिए किस पर अधिक भरोसा करते थे?

(A) वैद्य, हकीम और डॉक्टर

(B) आशीर्वाद और प्रार्थना

(C) दवाईयाँ

9) प्रोफेसर रामिश का ड्रीम प्रोजेक्ट क्या था?

(A) दवाइयाँ बनाना।

(B) कैन्सर का टीका ढूँढना।

(C) मानव प्रक्षेपण यंत्र बनाना।

(D) कृत्रिम मनुष्य बनाना।

■ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक–एक वाक्य में लिखिए : [2]

10) सच्चा देशभक्त कौन है?

11) लोग अंत:करण की अमीरी की सुगंध कब खो देते हैं?

■ निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर दो–तीन वाक्यों में लिखिए : [2]

12) बिन्दू के न दिखने पर मालती को क्या चिंता हुई?

अथवा

गाँव के युवक पंचायत के अधिकारियों से किस बात पर नाराज़ थे?

■ निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर पाँच–छह वाक्यों में लिखिए : [3]

13) सुधामूर्ति महिलाओं के लिए किस प्रकार प्रेरणा मूर्ति है?

अथवा

पंडीत शादीराम के दिल में क्यों शांति नहीं थी?

■ निम्नलिखित कथनों का आशय स्पष्ट कीजिए : [2]

14) "लड़कों को बूढ़ों से स्वाभाविक विद्वेष होता ही है।"

अथवा

"आज जीवन में धन ही जीवन का नियंत्रक परिबल बन गया है।"

## विभाग – B
## (पद्य विभाग)

■ निम्नलिखित प्रश्नों के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए : [3]

15) वीरेन्द्र मिश्र जी ने नावों की नगरी किसे कहा है?

(A) हिमाचल (B) अरूणाचल
(C) कश्मीर (D) मेघालय

16) 'हे जनशक्ति महान!' काव्य में कवि ने भारतमाता के पुत्रों को क्या कहकर पुकारा है?

(A) विजयोन्मादी (B) उत्साही
(C) आशावादी (D) सत्यवादी

17) साधु अपने भक्तजनों को कौन–सा फल खाने का उपदेश देते हैं?

(A) अनार (B) आम

(C) केला (D) पपीता

■ निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पुर्ति कीजिए : [3]

18) प्रभुजी तुम घन बन हम ....................

(चकोरा/मोरा)

19) पारिवारिक यात्नाओं से व्यथित होकर मीरा अंत में ................ स्थान पर गई।

(द्वारिका/वृंदावन)

20) 'जन्मभूमि' काव्य में तापस सुकुमारी शब्द ............ के लिए प्रयोग किया गया है।

(सीता/अहिल्या)

■ निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर वाक्य पूर्ण कीजिए : [3]

21) समोसा खाया नहीं गया क्योंकि ..................

(A) कच्चा था।

(B) तला नहीं था।

(C) ताजा नहीं था।

22) कवि को कश्मीर के ...............

(A) चश्में रूमानी और हिमानी लगते हैं।

(B) चश्में और फूल हिमानी लगते हैं।

(C) चश्में हिमानी और फूल रूमानी लगते हैं।

23) 'साधूपदेश' काव्य में दंभी साधुओं पर कौन–सा व्यंग्य किया गया है?

(A) पोथी पढ़कर ज्ञानी बनना।

(B) हाथ में गोमुखी लेकर ईश्वर का स्मरण करना।

(C) मुख में राम बगल में छुरी।

■ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक–एक वाक्य में लिखिए : [2]

24) करोड़ो लोगों के उत्साह भरे वचन क्या थे?

25) कालिंदी–कूल कदंब के पेड़ पर कवि किस रूप में बसेरा करना चाहते हैं?

■ निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर दो–तीन वाक्यों में लिखिए : [2]

26) कुत्ते और खरहे के बीच दौड़ कहाँ और कब तक चली?

अथवा

चक्की के दो पाटों की क्या विशेषता बताई गई है?

■ निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर पाँच–छह वाक्यों में लिखिए : [3]

27) भारत 'विश्व शांतिदूत' क्यों कहलाता है?

अथवा

तोते ने उस पेड़ से अपने अत्याधिक लगाव के क्या–क्या कारण बताए हैं?

■ निम्नलिखित पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए : [2]

28) 'पायो जी मैंने राम रतन धन पायो'
वस्तु अमोलक दी मेरे सतगुरू कर किरपा अपनायो।

अथवा

कहते हैं सब शास्त्र कमाओ, रोटी जान बचाकर।
पर संकट में प्राण बचाओ, सारी शक्ति लगाकर।

## विभाग – C
## (व्याकरण विभाग)

■ निम्नलिखित कहावत का अर्थ स्पष्ट कीजिए : [1]

29) मुख में राम बगल में छुरी।

■ निम्नलिखित शब्द समूह के लिए एक शब्द लिखिए। [1]

30) वृक्षों और झाड़ियों का समूह

■ निम्नलिखित संधि को छोड़िए : [1]

31) परमानंद

■ निम्नलिखित संधि को जोड़िए : [1]

32) सत् + जन

■ निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए : [2]

33) चैन की साँस लेना

■ निम्नलिखित शब्दों के विरोधी शब्द लिखिए : [2]

34) दीर्घाहार

35) कायर

■ निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए : [2]

36) मल्लाह

37) उपवन

■ निम्नलिखित शब्दों की भाववाचक संज्ञा लिखिए : [2]

38) शीघ्र

39) आदमी

■ निम्नलिखित शब्दों के विशेषण बनाइए : [2]

40) चमक

41) मखमल

■ निम्नलिखित शब्दों की कर्तृवाचक लिखिए : [2]

42) बुनना

43) संगीत

■ निम्नलिखित शब्दों का समास पहचानिए : [2]

44) राजकवि

45) पशु–पक्षी

## विभाग – D
## (लेखन विभाग)

■ निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : [3]

46) कम्प्यूटर

अथवा

ई–मेल

■ निम्नलिखित परिच्छेद को पढ़कर नीचे दिए गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए : [6]

बालक देश का भविष्य निर्माता है, और स्वस्थ बालक ही एक सबल देश का निर्माण कर सकता है। बाल विकास का प्रत्यक्ष प्रभाव देश के विकास पर पड़ता है। बालक देश की धरोहर होता है, अगर उसका विकास सही ढंग से नहीं हुआ तो बालक तो निर्बल होगा ही, साथ ही देश का भविष्य भी निर्बल हो सकता है। गरीब माता–पिता की असमर्थता के कारण बच्चे कुपोषण का शिकार हो रहे हैं। गरीबी के कारण कई बच्चों को अल्पावस्था में काम करने को मजबूर होना पड़ता है। सरकार और समाज का यह कर्तव्य बनता है कि ऐसे बच्चों को संतुलित आहार उपलब्ध हो सके। भोजन में वसा, लवण, कार्बोहाइड्रेट, विटामिन, प्रोटीन, चीनी आदी तत्वों का होना अति आवश्यक है। पोषक तत्वों के अभाव में बालकों का विकास रूक जाता है और निर्बल होकर देश के भविष्य को भी कमज़ोर कर सकते हैं।

प्रश्न :

47) देश का भविष्य निर्माता कौन है? [1]

48) देश कब निर्बल पड़ता है? [1]

49) बच्चे कुपोषण का शिकार क्यों होते हैं? [1]

50) 'कुपोषण' शब्द का विरोधी शब्द लिखिए। [1]

51) बालक के शरीर और मस्तिष्क के विकास में किन–किन तत्वों का योगदान होता है? [1]

52) इस परिच्छेद के लिए उचित शीर्षक लिखिए। [1]

■ निम्नानुसार पत्र लिखिए : [5]

53) 35, शास्त्री नगर, नीलकंठ सोसायटी, अहमदाबाद – 380013 से राहुल परमार सूरत निवासी भावेश पटेल को 'मतदान का महत्त्व' विषय पर पत्र लिखता है।

54) रूपरेखा के आधार पर कहानी लिखकर शीर्षक एवं बोध लिखिए : [5]

एक राजा – बिमारी से परेशान – वैद्य की असफलता – एक बूढ़े व्यक्ति की सलाह – सुखी मनुष्य का कुर्ता पहनने को कहना – खोज – मेहनती किसान का दिखना – किसान का सिर्फ धोती पहनना – सीख – शीर्षक।

55) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 150 शब्दों में निबंध लिखिए : [7]

■ समाज में वृद्धों की दयनीय दशा

प्रस्तावना – परिवार में बुजुर्गों का महत्त्व – आधुनिक काल की परिस्थिति – बूढ़ों की उपेक्षा – दुर्दशा – समाधान – उपसंहार।

अथवा

■ कमरतोड़ महँगाई

प्रस्तावना – महँगाई का स्वरूप – महँगाई के कारण – महँगाई के दुष्परिणाम – नियंत्रण के उपाय – उपसंहार।

अथवा

■ बाजारू/अखाद्य खान–पान

प्रस्तावना – जंक फूड के प्रति बच्चों का बढ़ता रूझान – बिमारियों की जड़ – प्रभाव से बचाव – उपसंहार।